तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 1 अप्रैल 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

12 इंद्रावती नदी का सूखनाः बस्तर के किसानों के ...


12 कोंडागांव में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद, निकाली...


## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

# 80 लाख से पंडरी तराई तालाब का किया जाएगा कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

गुरु गोविंद सिंह वार्ड एवं छत्रपति शिवाजी वार्ड के सीमा में स्थित पंडरी तराई तालाब का 80 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस तालाब का प्रस्ताव भेजा जा चुका है जिसमें तालाब के चारों तरफ रोड, तालाब गहरीकरण, प्रकाश व्यवस्था, चारों तरफ घूमने हेतु पाथ-वे का निर्माण, घाट निर्माण अधो संरचना मद से तालाब का कायाकल्प किया जाएगा।

झाड़ेश्वर मंदिर से सरस्वती शिशु मंदिर कंगोली से एलआईसी ऑफिस तक 2 करोड़ की लागत से रोड का चौड़ीकरण करना प्रस्तावित है। विधायक किरण सिंह देव एवं महापौर संजय पांडे के प्रयास से तालाब एवं रोड चौड़ीकरण का कार्य किया जायेगा। सोमवार को निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा ने पंडरी तराई तालाब का निरीक्षण किया। आयुक्त ने कहा इस तालाब का ब्लूप्रिंट तैयार कर लिया गया है। जल्द ही इसके निर्माण के लिए प्रक्रिया की जाएगी। तालाब के सौंदरीकरण मे लोगों को घूमने के लिए पाथ-वे तैयार किया जाएगा। आयुक्त ने गुरु गोविंद सिंह वार्ड स्थित प्रधानमंत्री अटल आवास में जाकर लोगों से मिलकर मूलभूत सुविधा के बारे में विस्तृत बात की। जिसका निराकरण जल्द करने की बात आयुक्त ने कहा। अटल आवास मे बन रहे रोड का निरीक्षण भी किया।

## 2 करोड़ से झाड़ेश्वर मंदिर होते हुए सशिमं कंगोली से एलआईसी ऑफिस रोड का होगा सड़क चौड़ीकरण

### लगेंगी चेयर, होंगी फेंसिंग

गुरु गोविंद सिंह एवं छत्रपति शिवाजी वार्ड पार्षद संग्राम सिंह राणा एवं श्याम सुंदर बघेल ने कहा हम विधायक किरण सिंह देव एवं महापौर संजय पांडे का आभार प्रदर्शन करते हैं जिनके प्रयास से यह काम संभव होगा। पंडरी तराई तालाब का कायाकल्प एवं रोड चौड़ीकरण होना वार्ड वासियों के लिए गर्व की बात है। तालाब में आकर्षक पौधे, बैठने के लिए गार्डन चेयर, चारों ओर सुरक्षित घेरा के लिए फेंसिंग, भव्य आकर्षक द्वार, घाट निर्माण सहित कई सुविधाएं मौजूद होगी।



### ये रहे उपस्थित

कुछ समय पश्चात यह तालाब बेहतर स्वरूप में नजर आएगा। इस अवसर पर संतोष त्रिपाठी, नीलिमा यादव, सुरेश कश्यप, नरेश कश्यप, मंजू प्रिया, दीपक ठाकुर, मोहन ठाकुर, लखिराम बघेल, दिनेश कश्यप, उर्मिला ठाकुर, समिता यादव, तब्बूसुम बेगम, गंगा सोनी, गौरी नाग, प्रदीप यादव, कुंती, सज्जाद हुसैन सहित वार्ड वासी उपस्थित थे।

## सफलता : आईईडी ब्लास्ट, हत्या समेत कई संगीन मामले में थे शामिल

# बीजापुर में एक ईनामी समेत 15 नक्सली गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बीजापुर जिले के उसूर व बासागुड़ा थाना क्षेत्र स्थित पोलमपल्ली व टेकमेटला के जंगल से कोबरा व सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने 13 नक्सली को हथियार व विस्फोटक के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में एक लाख का एक इनामी नक्सली भी शामिल है।

जानकारी के मुताबिक माओवादी विरोधी अभियान के तहत थाना उसूर से जिला बल के अलावा कोबरा 201, 205, 206, 210 व सीआरपीएफ 196 बटालियन की संयुक्त टीम टेकमेटला की ओर निकली थी। अभियान के दौरान संदिग्ध हालत में पुलिस पार्टी को देखकर छिपकर भागते हुए 7 संदिग्धों को घेराबंदी कर थाना बासागुड़ा व कोबरा 210 की संयुक्त टीम ने पकड़ा। गिरफ्तार नक्सलियों में गलगम आरपीसी डीएकेएमएस सदस्य बामन माड़वी 32 वर्ष निवासी टेकमेटला माडुलपारा थाना उसूर के अलावा मारूड़बाका आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सेक्शन कमाण्डर सोढ़ी हिड़मा 30 वर्ष, बारसे अंदा 18 वर्ष, बारसे हड़मा 20 वर्ष, देवेन्द्र रवा 19 वर्ष, इरपा अर्जुन 30 वर्ष तथा सुक्का ओयाम 27 वर्ष निवासी भुसापुर स्कूलपारा थाना उसूर शामिल है। गिरफ्तार नक्सलियों के कब्जे से विस्फोटक, टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, इलेक्ट्रिक वायर आदि बरामद किया गया।





### रिमांड पर भेजे गए जेल

गिरफ्तार सभी नक्सलियों को सोमवार थाना उसूर व बासागुड़ा में मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

गिरफ्तार नक्सली गलगम जाने के मार्ग पर छोटा नाला के पास आईईडी, पुतकेल के ग्रामीण दिनेश पुजारी एवं मारूड़बाका पीडीएस दुकान के संचालक तिरूपति भण्डारी की हत्या में शामिल थे। इसके अलावा 6 अन्य माओवादियों को गिरफ्तार किया गया इनमें गलगम आरपीसी डीएकेएमएस अध्यक्ष कोसा ऊर्फ जागेश कुंजाम 28 वर्ष निवासी टेकमेटला थाना उसूर जिला बीजापुर के अलावा कोसा माड़वी ऊर्फ बोल्ली 22 वर्ष, बण्डी माडवी ⏭ शेष पेज 12 पर

### बीजीएल सेल के साथ दो नक्सली सिंगावरम के जंगल से पकड़े गए



■ पुलिस पार्टी पर हमला, हत्या का प्रयास हथियार लूटने व अपहरण मामले में थे शामिल

पुलिस पार्टी पर हमला, हत्या का प्रयास, हथियार लूटने व अपहरण मामले में थे शामिल दो नक्सलियों को सुकमा जिले के सिंगावरम के जंगल से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्सली वर्ष 2023 व 2024 में कई संगीन मामलों में शामिल थे जो जगरगुण्डा क्षेत्र के ग्राम सिंगावरम निवासी है। जानकारी के मुताबिक नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत जगरगुण्डा से एसडीओपी तोमेश वर्मा व सहायक कमाण्डेन्ट प्रफुल्ल मेडशिकार 165 वाहिनी सीआरपीएफ व जिला बल की संयुक्त टीम एरिया डोमिनेशन व नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए ग्राम सिंगावरम व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे इसी दौरान दो ⏭ शेष पेज 12 पर


### अबूझमाड़ क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद



सुरक्षा बलों ने अबूझमाड़ क्षेत्र में 6 दिनों तक लगातार नक्सल विरोधी तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान कई बार सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। पुलिस को भारी पड़ता देख हथियार छोड़कर जान बचाकर भागे माओवादी। मुठभेड़ स्थल से 1 नग एसएलआर रायफल, एसएलआर का 12 नग जिंदा कारतूस मय 1 नग मैग्जीन, 1 नग वॉकी-टॉकी एवं पिट्ठू बैग, नक्सली साहित्य, मेडिकल सामग्री सहित अन्य नक्सली दैनिक उपयोगी सामग्री बरामद किया गया। मुठभेड़ स्थल में कई जगह पर खून के धब्बे एवं घसीटने के मिले निशान। नक्सलियों के मारे जाने एवं घायल होने की संभावना है। माड़ डिवीजन अन्तर्गत कम्पनी नम्बर 1 के शीर्ष नक्सलियों की मौजूदगी सूचना पर निकली थी। नारायणपुर डीआरजी, बस्तर फॉईटर एवं एसटीएफ की संयुक्त टीम शामिल थे। अबूझमाड़ क्षेत्र में डीआरजी, एसटीएफ, बीएसएफ, आईजीबीपी, बस्तर फाइटर्स एवं सीएएफ द्वारा लगातार प्रभावी अभियान संचालित किया जा रहा है। एसपी नारायणपुर प्रभात कुमार ने बताया कि नक्सल विरोधी सर्च अभियान में 25 मार्च को नारायणपुर डीआरजी, बस्तर फॉईटर एवं एसटीएफ की संयुक्त पार्टी शीर्ष माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर अबूझमाड़ क्षेत्र घमंडीपारा, पदमकोट, नेलांगूर में रवाना ⏭ शेष पेज 12 पर

■ पुलिस पड़ी भारी, सामान छोड़ भाग नक्सली, 6 दिनों तक लगातार चलाया गया

## खबर संक्षेप



### लोहंडीगुड़ा का मिचनार बनेगा नया पर्यटन केंद्र

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस और सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन ने सोमवार को तहसील लोहंडीगुड़ा स्थित मिचनार हिल्स क्षेत्र का निरीक्षण किया। इसके साथ ही मिचनार हिल्स को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा किए। कलेक्टर ने ग्राम मिचनार में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत लाभार्थी के गृह प्रवेश में शामिल हुए और ग्राम मारडूम करलाकोंटा पारा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया । ग्राम मारडूम करलाकोंटा पारा में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही के निर्माणाधीन मकान का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम एम चन्द्रा, सीईओ जनपद पंचायत डी पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### पानी नहीं छोड़ने पर किसानों ने दी चक्काजाम की चेतावनी



**घाटलोहंगा।** पूर्व विधायक चंदन कश्यप के निवास में ग्राम मुंडागुड़ा, कुम्हली, फाफनी, मूरकुची, फरसागुडा, केशरपाल, सोरगांव,भानपुरी नाहारनी और बालिगुड़ा आदि ग्रामों के किसान पहुंचे और जल समस्या बताई। जिस पर उन्होंने भानपुरी एसडीओ को फोन कर निवास कार्यालय बुलाया और किसानों से बातचीत कराकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान किसान लक्ष्मण यादव ने बताया कि कोसारटेंडा जलाशय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न पंचायतों के किसान इस साल रबी की फसल में मक्का लगभग 500 हेक्टेयर से अधिक में फसल लगा हुआ है। कोसारटेडा जलाशय से अचानक पानी ⏭ शेष पेज 12 पर

## नवरात्र पर बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु

# देवी हिंगलाजिन शक्तिपीठ गिरोला में जले आस्था के ज्योत





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले के बकावंड विकासखंड के ओडिशा सीमा पर स्थित गिरोला में देवी हिंगलाजिन का दर्शन करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं ने तेल और घी के ज्योत जलाए हैं। नवरात्र पर ओडिशा और छत्तीसगढ़ के श्रद्धालु देवी दर्शन के लिए पहुंचते हैं। नवरात्र के दूसरे दिन देवी की पूजा अर्चना की गई। सुबह से लेकर देर रात तक पारंपरिक तरीके से लोक कलाकार भजन कीर्तन के साथ मोहरी बाजा और नगाड़े की धुन पर देवी की स्तुति कर रहे हैं। गौरतलब है कि बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के परिजन इस मंदिर के पुजारी और सिरहा हैं। देवी की दादा परदादा के जमाने पूजा करते आ रहे हैं। विधायक द्वारा ओडिशा के कारीगरों से मंदिर को भव्य रूप दिया गया है, जिसके चलते नवरात्र पर दर्शन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को राहत मिल रही है।

# ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समाज के लोगों को कांग्रेसियों ने दी मुबारकबाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ईद उल फितर के मुबारक मौके पर बस्तर जिला कांग्रेस के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने मुस्लिम भाइयों को गले मिलकर ईद उल फितर की मुबारकबाद दी। इससे पूर्व ईदगाह में ईद की नमाज की गई। जिसमें काफी संख्या में मुस्लिम समाज के सदस्य और उनके साथ बच्चे भी उत्साह के साथ शामिल हुए। ईदगाह में ईद की नमाज अता की गई। शहर काजी ने छत्तीसगढ़ की अमन चैन, तरक्की व खुशहाली के साथ साथ बस्तर को नक्सलवाद से निजात दिलाने की दुआ मांगी। इस अवसर पर पार्षद सूर्या पानी, विक्रम सिंह डांगी, पूर्व पार्षद राजेश राय, गौरनाथ नाग आदि मौजूद रहे।

# खोजो खेलो जीतो प्रतियोगिता में महिलाओं ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



ओसवाल जैन श्वेतांबर समाज के बैनर तले तेरापंथ परिवार के द्वारा खोजो खेलो जीतो कार्यक्रम कराया गया। जिसमें 16 ग्रुप ने भाग लिया प्रत्येक ग्रुप में चार-चार मेंबर थे। यह गेम एंटरटेनमेंट के साथ-साथ धार्मिक ज्ञान की वृद्धि कराने वाला गेम था, यह चार राउंड में खेला जाने वाला गेम था। हर राउंड के बाद आधे ग्रुप अगले राउंड में गए अंत में दो ग्रुपों में फाइनल गेम खेला गया। फर्स्ट राउंड ट्रेजर हंड, सेकंड राउंड बिखरे मोती पिरोएं, थर्ड राउंड डम सिराज ,फोर्थ राउंड ग्रुप एक्ट का था। सभी ग्रुप को दो-दो बार मौका दिया गया। ऑडियंस के लिए भी इनाम जीतने का सुंदर मौका था। सभी प्रतिभागियों ने अच्छा प्रयास किया। कार्यक्रम का संचालन भारती लोढ़ा व सुमित लोढा ने किया।

### इन्होंने लिया भाग

भारती लोढ़ा, प्रेक्षा लोढ़ा दीक्षा तातेड़, मौली भंडारी कल्पना तातेड़, सीमा सालेचा संगीता बैद,रचना बैद, भारती बैद, गुणमाला कागोत रेखा कागोत, अनु कागोत अर्चना तातेड़, पिंकी लुंक्कड़, मंजू जैन शिल्पी जैन प्रियल सालेचा,चाहत भंडारी सुमित लोढ़ा शुभम तातेड़ एकांश तातेड़ एवं सुमित बैद भाग लिए।

## सरकार की सदबुद्धि के लिए रामायण पाठ का किया आयोजन

# पंचायत सचिवों के हड़ताल को सरपंच संघ ने दिया समर्थन





हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

बस्तर जिले के विभिन्न ब्लॉक में पंचायत सचिव का धरना जारी है।पंचायत सचिवो की एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को समर्थन हेतु बकावंड ब्लॉक के 93 ग्राम पंचायतो के सरपंचों के द्वारा समर्थन दिया गया। वरिष्ठ सरपंच गोपाल कश्यप के द्वारा पंचायत सचिव मांग को जायज मानते हुए उन्होंने कहा कि सचिव संघ के हड़ताल को कदम से कदम मिलाते हुए सचिवों का मांग पूरा करने हेतु हमें जरूरत पड़े तो हम भी हड़ताल में शामिल होंगे। पूरे सरपंचों के द्वारा धरना स्थल पर पहुंचकर पंचायत सचिवों की मांग पूरी करने की बात कही। 17 मार्च से जनपद पंचायत कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे हैं।यह हड़ताल प्रदेश पंचायत सचिव संघ के आह्वान पर की जा रही है। 31 मार्च को पंचायत सचिवो ने धरना स्थल पर रामायण पाठ कर सरकार को सदबुद्धि की प्रार्थना के लिए किया गया।सचिव संघ के पदाधिकारी ने जानकारी में बताया कि रामायण पाठ करने से सरकार को सदबुद्धि मिलेगी।

### ये रहे मौजूद

सरपंच संघ के द्वारा समर्थन देने पहुंचे जयमनी कश्यप, लखमूराम नेताम, फुलमनी कश्यप,नौतनराम कर्मा,अनंतराम नेताम,मनबोध,जयराम,नरसिंह, महेश कश्यप, आसमती, लखेश्वर सचिव संघ के सदस्य सहदेव मौर्य, रोमसिंह पटेल, ओंकार सिँह गागड़ा, श्यामलाल ⏭ शेष पेज 12 पर

# लोहण्डीगुड़ा गोलीकांड के शहीदों को स्मारक स्थल जाकर किया नमन



हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहण्डीगुड़ा

31 मार्च 1961 को बस्तर के लोहण्डीगुड़ा में हुए गोलीकांड में शहीद हुए ग्रामीणों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उनके स्मारक स्थल पर पुष्प अर्पित कर शहीदों के बलिदान को याद किया गया।

चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने शहीदों की शहादत को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके संघर्ष को हमेशा सम्मान देने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि बस्तर की धरती पर ऐसे वीरों का बलिदान कभी नहीं भुलाया जाएगा और उनके संघर्ष की कहानी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनी रहेगी। उन्होंने कहा बस्तर के वीर शहीदों ने अपने प्राणों की आहूति देकर इस क्षेत्र की स्वाधीनता और सम्मान की रक्षा की। हम उनके बलिदान को ⏭ शेष पेज 12 पर

■ विधायक गोयल सहित शहीदों के परिजन हुए शामिल

